राजस्थान सरकार

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph.: 0141-2706550

एफ 7(4)(19)अकाद/आकाशि/परीक्षा/2017-01934

प्राचार्य,
संबंधित राजकीय/निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः– वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा, 2024 (संस्कृत शिक्षा विभाग) के आयोजन के संबंध में।
सन्दर्भः–राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर का पत्र क्रमांक प.8.B(13)प.आ.'ख' /वरिष्ठ अध्यापक (सं.शि.)/2024–25/राजकाज नं. 12077882 दिनांक 28.11.2024।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र की प्रति संलग्न कर लेख है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा दिनांक 28.12.2024 से 31.12.2024 तक वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा, 2024 (संस्कृत शिक्षा विभाग) का आयोजन किया जा रहा है।

इस क्रम में निर्देशित किया जाता है कि **उक्त परीक्षा हेतु आपके महाविद्यालय को परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जाने की स्थिति में** भौतिक संसाधन उपलब्ध कराते हुए वीक्षक एवं अन्य दायित्वों के समुचित निर्वहन के लिए अपने महाविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों का मुख्यालय पर रहना तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर व स्थानीय प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों की पालना किया जाना सुनिश्चित करें।

यह सक्षत स्तर से अनुमोदित है।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

(प्रो0 विजय सिंह जाट)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. संयुक्त सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
5. निजी सचिव, अति0 आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
6. वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को अपलोड हेतु।

(प्रो0 विजय सिंह जाट)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

Signature valid

Digitally signed by Vijay Singh Jat
Designation : Joint Director
Date: 2024.12.03 12:41:45 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 12119361

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर
Rajasthan Public Service Commission, Ajmer

Tel. 0145-2635200 E-mail: examplanning.rpsc@rajasthan.gov.in

प. 8.B (13) प.आ.'ख'/वरिष्ठ अध्यापक (सं.शि.)/2024–25/ **दिनांक : .11.2024**

शासन सचिव,
उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
राजस्थान, जयपुर।

विषयः– प्रतियोगी परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र निर्धारण के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा, 2024 (संस्कृत शिक्षा विभाग) का आयोजन दिनांक 28.12.2024 से 31.12.2024 तक किया जा रहा है। उक्त परीक्षा में लगभग 4,70,000 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। उक्त परीक्षा के परीक्षा केन्द्र निर्धारण हेतु आयोग द्वारा दिनांक 21.11.2024 को संबंधित जिला कलक्टर को पत्र प्रेषित किये गये है।

परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर, बून्दी ने पत्र प्रेषित कर अवगत करवाया है कि प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, बून्दी ने उक्त परीक्षा के दौरान राज्य सरकार द्वारा शीतकालीन अवकाश घोषित किये जाने के कारण स्टाफ की अनुपलब्धता के मद्देनजर उक्त परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र उपलब्ध करवाये जाने हेतु असहमति व्यक्त की है। (प्रति संलग्न)

उल्लेखनीय है कि आयोग द्वारा प्रतिमाह लगभग 2 से 3 प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है एवं राज्य सरकार की मंशा अनुसार भी ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन अवकाश के दौरान भी परीक्षाओं का आयोजन किया जाना है (प्रति संलग्न)।

अतः निवेदन है कि प्रतियोगी परीक्षाओं के सफल आयोजन हेतु परीक्षा केन्द्रों के रूप में राजकीय/निजी/बी.एड/आई.टी.आई./इंजीनियरिंग कॉलेज आदि उपलब्ध करवाये जाने के संबंध में यथाशीघ्र आदेश जारी करवाने का श्रम करावें।

संलग्नः– उपर्युक्तानुसार।

भवदीय,

(रामनिवास मेहता)
सचिव

प. 8.B (13) प.आ.'ख'/वरिष्ठ अध्यापक (सं.शि.)/2024–25/ **दिनांक : .11.2024**

प्रतिलिपिः– आयुक्त, आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

Signature Not Verified

Digitally signed by Ram Niwas Mehta
Designation : Secretary
Date: 2024.11.28 18:08:06 IST
Reason: Approved